श्रेष्ठ विचार

आकाश कुमार
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान,
रुड़की

यदि हम भाग्य में परिवर्तन लाना चाहते हैं, तो हमें अपने विचारों में परिवर्तन लाना सीखना होगा, क्योंकि हमारे विचार हमारे कर्म बनेंगे और हमारे कर्म ही हमारा भाग्य।

प्रत्येक मनुष्य की सोच हमसे मिले, यह कभी सम्भव ही नहीं, पर हम उन्हें उनकी सोच के साथ स्वीकार कर सकें, यही मनुष्यता की सही पहचान है।

जैसे हर मार्ग पर कुछ न कुछ परेशानी होती है, वैसे ही हर परेशानी का कोई न कोई मार्ग भी होता है।

अच्छा स्वास्थ्य हमेशा दवा से ही प्राप्त नहीं होता, अधिकांश समय यह मन, दिल, और आत्मा की शान्ति, तथा हंसी और प्यार से भी प्राप्त होता है।

जिद चाहिए जीतने के लिए, हार के लिए तो एक डर ही काफी है।

उत्साह प्रयास की जननी है तथा इसके बिना आज तक कोई महान उपलब्धि हासिल नहीं की गई है।

सबसे अधिक ज्ञानी वही है जो अपनी कमियों को समझकर उसका सुधार कर सके।

अच्छे व्यवहार का कोई आर्थिक मूल्य भले ही न हो, पर अच्छा व्यवहार लाखों दिलों को खरीदने की क्षमता रखता है।

जीवन मिलना भाग्य की बात है, मृत्यु होना समय की बात है, लेकिन मृत्यु के बाद भी लोगों के दिलों में जीवित रहना है यह कर्मों की बात है।

भाषा का अनुवाद हो सकता है, भावनाओं का नहीं, इन्हें समझना पड़ता है।

सन्तोष ही सबसे बड़ा धन है जिसके पास सन्तोष है, वह स्वस्थ है, सुखी है और वही सबसे बड़ा धनवान है।

अनुशासन कठिन बहुत लगता है पर आदत बन जाए तो कामयाबी की गारंटी भी देता है।